प्रेषक,

दिनेश प्रताप सिंह,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय, आगरा।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वाराः— जनपद न्यायाधीश, आगरा।

विषयः—C.L. No. 23/Admin. (Services)/2019, Dated: September 23, 2019 के अनुक्रम में स्थानांतरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि वार्षिक स्थानांतरण, 2020 के अंतर्गत मार्च 2020 में मेरा स्थानांतरण होना है क्योंकि जनपद आगरा में मेरा कार्यकाल पूर्ण हो चुका है।

सादर अवगत कराना है कि मेरी पत्नी श्रीमती संध्या सिंह Stroke/Acute Ischaemic Stroke with Left MCA Infarct With Brocas Aphasia से ग्रस्त हैं, जिसका उपचार Artemis Hospital, Gurugram के निदेशन में, सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज, आगरा से डॉक्टर पी0 के0 माहेश्वरी द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मेरी पत्नी को Pace Maker भी लग चुका है।

यह भी अवगत कराना है कि मेरे पिता श्री करूणाशंकर सिंह Alziemer's Dementia से गंभीर रूप से ग्रस्त है, जिनका उपचार जनपद आगरा से ही चल रहा है।

उपरोक्त, मेरी पत्नी व मेरे पिता की शारीरिक व मानसिक दशा अत्यन्त संवेदनशील व गंभीर है, जिसमें उपचार में किया गया मामूली व्यतिक्रम अथवा अनियमितता प्राणघातक सिद्ध होगा। मेरी तीन पुत्रियां व एक पुत्र भी है, जो पूर्णतः मेरे ऊपर निर्भर हैं।

अतः सविनय निवेदन है कि मुझे गुरूग्राम के निकटवर्ती जनपदों यथा गौतमबुद्ध नगर या गजियाबाद अथवा चिकित्सीय दृष्टि से उन्नत जपनदों, यथा लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर अथवा वाराणसी में करने की कृपा करें ताकि मैं अपने परिजनों का सुगमतापूर्वक उपचार कराते हुए, सफलतापूर्वक न्यायिक कार्य का संपादन कर सकूँ।

सादर

भवदीय

DSingh
15.11.019

(दिनेश प्रताप सिंह)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय, आगरा